**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर।**

...................

| <u>प्रश्न</u> | <u>उत्तर</u> |
|---|---|
| 4-(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-हरदोई के नवनिर्मित राज्य स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित ब्लड बैंक को कर्मचारियों सहित 100 शैंया संयुक्त चिकित्सालय, हरदोई में स्थानान्तरित किये जाने एवं राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, हरदोई में नवीन ब्लड बैंक स्थापित किये जाने विषयक आपकों एवं मुख्य मंत्री को सम्बोधित श्री माधवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक, सवायजपुर हरदोई का पत्र दिनॉक 15 सितम्बर, 2023 तथा रामपाल वर्मा, विधायक, बालामऊ, हरदोई का पत्र दिनॉक 27 सितम्बर, 2023 प्राप्त हुए है ? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या उक्त ब्लड बैंक, कर्मचारियों सहित 100 शैंया संयुक्त चिकित्सालय, हरदोई में स्थानान्तरित करा दिया गया है ? | पूर्व जिला चिकित्सालय में स्थापित ब्लड बैंक मेडिकल कॉलेज में क्रियाशील है एवं जनपद के वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है। उक्त ब्लड बैंक को कहीं और स्थानान्तरित करने का वर्तमान में कोई अवसर नहीं है। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
**उप मुख्यमंत्री,**
**चिकित्सा शिक्षा विभाग।**